सकलडीहा पी0 जी0 कालेज, सकलडीहा, चन्दौली

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट -(2017-18)

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 25/03/2018 से 31/03/2018 तक पंचायत भवन टिमिलपुरा सकलडीहा चन्दौली में सम्पन्न हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन दिनांक 25/03/2018 दिन रविवार को हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डा0 दयानिधि सिंह यादव, अध्यक्ष हिन्दी विभाग ने किया तथा मुख्य अतिथि डा0 विजय कुमार पाण्डेय अध्यक्ष भूगोल विभाग थे। शिविर के प्रथम दिन के दूसरे सत्र में पोखरा और मंदिर की सफाई हुई।

दुसरे दिन प्रथम सत्र में स्वयंसेवको द्वारा टिमिलपुरा, मलिन बस्ती का सर्वे किया गया। द्वितीय सत्र में भारतीय शिक्षा पद्धति पर वैद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया, इस गोष्ठी की अध्यक्षता डा0 राजेश यादव और मुख्य अतिथि डा0 अजय यादव थे तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 शमीम राईन ने किया।

शिविर के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में स्वंयसेवको द्वारा वाल राइटिंग की गयी तथा द्वितीय सत्र में सेवा भावना पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी के वक्ता के तौर पर डा0 अरूण कुमार (अध्यक्ष), मुख्य अतिथि डा0 उदय शंकर झा और डा0 दुष्यन्त सिंह मुख्य वक्ता थे।

शिविर के चौथे दिन स्वंयसेवको के द्वारा वृक्षारोपण किया गया और दूसरे सत्र में पर्यावरण विषय पर गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमे मुख्य वक्ता के तौर पर क्रमशः डा0 सुशील सिंह एवं डा0 विकास जयसवाल, भूगोल विभाग उपस्थित रहे।

शिविर के पांचवे दिन के प्रथम सत्र में डा0 विजेन्द्र सिंह रक्षा अध्यन विभाग द्वारा राष्ट्रीय चरित्र विषय पर बौद्धिक गोशठी को संबोधित किया गया। शिविर के छठवे दिन स्वंयसेवको द्वारा 'स्वच्छता' विशय वस्तु पर पूरे सकलडीहा बाजार में रैली का आयोजन किया गया तथा दूसरे सत्र में 'अनुशासन' विषय पर डा0 मनीश राय और डा0 अभय कुमार वर्मा द्वारा संबोधित किया।

शिविर के सातवे दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डा0 सुशील कुमार गौतम, समन्वयक, राश्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता डा0 संत कुमार त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग ने किया तथा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डा0 शिवसहाय सिंह यादव, अध्यक्ष, शिक्षक संघ, सकलडीहा पी0जी0 कालेज उपस्थित रहे। आये हुए अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 प्रमोद कुमार सिंह ने किया, कार्यक्रम का संचालन डा0 अभय कुमार वर्मा, (रेड रिबन प्रभारी) ने किया तथा आये हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डा0 शमीम राईन ने किया। स्वयंसेवको द्वारा राष्ट्रीय महत्व एवं सामाजिक कुरितियों पर लघुनाटिका प्रस्तुत किया गया, भक्ति नृत्य की भी प्रस्तुति हुई। अंत में राष्ट्रीयगान से समापन समारोह का समापन हुआ।

दि. 01 अप्रैल 2018

(डा0 शमीम राईन)
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
सकलडीहा पी0जी0कालेज,
सकलडीहा, चन्दौली, (उ0प्र0)